# म.प्र. रोड डेव्हलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड

(मध्य प्रदेश शासन का उपक्रम)

## कार्यालय – संभागीय प्रबंधक

व्ही.आई.पी. (सरकुलर) रोड, फॉरेस्ट कॉलोनी

छिन्दवाड़ा (म.प्र.) पिन 480001, फोन नं.-. 07162-292624

**Email:-** dm-chhindwara@mp.gov.in CIN: U45203MP2004SGC016758


स. क्र. 2168 / 115 / बिजोरी–हर्रई / एमपीआरडीसी / 2021 छिंदवाड़ा, दिनांक 26 / 02 / 2021

प्रति,

कलेक्टर,
जिला–छिंदवाड़ा (म.प्र.)

**विषयः**– छिंदवाड़ा जिले के अन्तर्गत शासन की एडीबी 6 / 7 योजनांतर्गत प्रस्तावित बिजोरी–छिन्दी–खापा–हर्रई मार्ग SH-41 (लंबाई 72.73 कि.मी.) का उन्नयन कार्य हेतु प्रयोग की जाने वाली लगभग 6.372 हैक्टेयर वन भूमि के बदले समतुल्य राजस्व भूमि वन विभाग को आवंटित करने बाबत्।

उपरोक्त विषयांर्गत लेख है कि म.प्र. सड़क विकास निगम के अन्तर्गत छिंदवाड़ा जिले में शासन की एडीबी 6 / 7 योजनांतर्गत बिजोरी–छिन्दी–खापा–हर्रई मार्ग SH-41 (लंबाई 72.73 कि.मी.) का उन्नयन कार्य प्रस्तावित है। जिस हेतु मुख्यालय भोपाल में निविदा आमंत्रण हेतु कार्यवाही प्रचलित है। उक्त मार्ग के कुल कि.मी. 72.73 में से किमी. 7.28 किमी. का भाग वन क्षेत्र से गुजरता है, जिस हेतु वनक्षेत्र की 6.372 हैक्टेयर वन भूमि की आवश्यकता होगी। उक्त वनभूमि वनमण्डलाधिकारी (पूर्व) वनमंडल छिन्दवाड़ा के अन्तर्गत है। वन संरक्षण अधिनियम 1980 के नियमानुसार वनविभाग की भूमि अन्य शासकीय उपयोग में ली जाने पर समतुल्य राजस्व भूमि वन विभाग को आवंटित किये जाने का प्रावधान है।

अतः निवेदन है कि मार्ग उन्नयन कार्य हेतु 6.372 हैक्टेयर वन भूमि के बदले समतुल्य राजस्व भूमि वन विभाग को आवंटित करने का कष्ट करें, जिससे वन विभाग से अनुमति प्राप्त कर, जनहित में मार्ग निर्माण का कार्य समय सीमा में पूर्ण किया जा सके।

26/2/21

संभागीय प्रबंधक
एम.पी.आर.डी.सी. छिन्दवाड़ा

पृष्ठा. क्र. 2169 / 115 / बिजोरी–हर्रई / एमपीआरडीसी / 2021 छिंदवाड़ा, दिनांक 26 / 02 / 2021

**प्रतिलिपिः**–

1. मुख्य अभियंता (एडीबी–6 / 7), म.प्र. सड़क विकास निगम भोपाल की ओर सूचनार्थ।
2. वनमंडलाधिकारी (पूर्व), वनमंडल छिंदवाड़ा की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
3. Environmental Safeguard Expert, म.प्र. सड़क विकास निगम भोपाल की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
4. उपमहाप्रबंधक (पर्यावरण,) म.प्र. सड़क विकास निगम भोपाल की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
5. अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), जुन्नारदेव / अमरवाड़ा की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
6. श्री दिलीप सिह तेकाम, सहायक महाप्रबंधक एवं श्री आर.के. सोनी, प्रबंधक, एम.पी.आर.डी.सी. छिन्दवाड़ा की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
7. मेसर्स हाईवे इंजीनियरिंग कन्सलटेंट कन्स्ट्रोलियम ब्रिक्स इंजीनियरिंग कन्सलटेंट एण्ड टेक्नोक्रेट्श प्रा. लि. भोपाल की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रेषित।

2/3/2021

कार्यालय कलेक्टर छिन्दवाड़ा
प्राप्त

26/2/21

संभागीय प्रबंधक